## खबर संक्षेप

### 7 दिन में राशि जमा नहीं करने पर निरस्त होगी भूखंड की लीज

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर निगम ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत 8 पट्टेदारों द्वारा गो-डाउन निर्माण हेतु ए.बी.पी.एस. पोर्टल में कंसलटेंट के माध्यम से ऑनलाईन भवन अनुज्ञा के आवेदन उपरांत निर्धारित डिमांड राशि जमा नहीं किये जाने पर निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा पत्र प्रेषित कर 7 दिवस के अंदर निर्धारित डिमांड शुल्क जमा करने के निर्देश पट्टेदारों को को दिए है। निगमायुक्त श्री दुबे नें ट्रांसपोर्ट नगर योजना के जिन 8 पट्टेदारों को सूचना पत्र प्रेषित किया है उनमें तिवारी ट्रांसपोर्ट के पट्टेदार श्री नितिन तिवारी, न्यू महाभारत रोड लाइन्स प्रोपराइटर राजेन्द्र प्रसाद गर्ग सुशील प्रसाद गर्ग, ट्रांसपोर्ट सर्विस के प्रोपराइटर रामशरण पटेल, जय बजरंग रोडवेज के प्रोपराइटर अजय कुमार सुहाने, शासदा ट्रांसपोर्ट कार्पोशन रमेश कुमार नीखर, पाण्डे गुड्स कैरियर सुधा पाण्डेय पति विनय कुमार पाण्डेय, कटनी पब्लिक ट्रांसपोर्ट श्रीमती श्वेता नगरिया पति दीपक कुमार नगरिया, दुबे रोड़ कैरियर राजेश कुमार दुबे का नाम शामिल है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा पट्टेदारों को जारी सूचना पत्र में आगामी 7 दिवस में निर्धारित डिमांड शुल्क नगर निगम कोष में जमा कराकर भवन अनुज्ञा प्राप्त करते हुए शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कर कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिए है। अन्यथा की स्थिति में पट्टेदारों की आवंटित भूखण्ड की लीज निरस्ती की कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिये वे स्वयं जवाबदार होंगे।

### कंट्रोल रूम नंबर में दें जलभराव की सूचना

**कटनी।** वर्षा ऋतु के दौरान नगर के सार्वजनिक मार्गो एवं विभिन्न बस्तियों में जलप्लावन एवं जलभराव की समस्या के त्वरित निराकरण हेतु नगर निगम में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। अतिवृष्टि के दौरान नागरिकगण बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम नंबर 07622-292740 पर संपर्क कर जलभराव की सूचना देकर समस्या का निराकरण करा सकते है। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष में संलग्न कर्मचारियों को अपनें - अपनें शिफ्ट में उपस्थित रहकर नागरिकों की जलभराव संबंधी शिकायतों को पंजी में संधारित करते हुए संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी को तत्काल प्रेषित करते हुए शिकायतों का निराकरण करानें के निर्देश दिए है। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा अतिवृष्टि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की जाकर तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने वन टाईम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**कटनी।** जनजातीय कार्य विभाग एवं अनुसूचित जाति विकास के निर्देशानुसार कक्षा 9वीं से महाविद्यालयीन स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (वार्षिक पारिवारिक आय सीमा राशि 2.50 लाख रूपये से कम) का लाभ प्राप्त होता है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाईम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य हैं। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त कर लिये जाने के बाद भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा जिसके लिए पृथक से पुनः ओटीआर की आवश्यकता नहीं होगी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों के नोडल प्राचार्यो, महाविद्यालय प्राचार्यो, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य व छात्रावास अधीक्षकों को कक्षा 9वीं से महाविद्यालयीन स्तर पर अजा एवं जनजाति के विद्यार्थियों को वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने ओटीआर कराने के निर्देश दिये हैं।

### सड़कों में बेसहारा घूमने वाले मवेशियों को पकड़ने की नहीं हो रही कार्यवाही

# आदेशों को तवज्जों नहीं : हादसों में वाहन चालक तो कभी मवेशियों की होती है मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



मुख्य मार्गों में बेसहारा विचरण करने वाले मवेशियों की वजह से आए दिन हादसे हो जाते हैं। भारी वाहनों की टक्कर से पशुओं की जान तक चली जाती है। छोटे वाहन खासकर बाइक, तिपहिया, चारपहिया वाहन चालक मवेशियों को बचाने के चक्कर में अक्सर नियंत्रण खो बैठते हैं और हादसा हो जाता है। कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। बीते दो माह पहले ढीमरखेड़ा में मवेशी को बचाने के चक्कर में एक दुखद हादसा भी हो चुका है जिसमें करीब 5 महिलाओं की मौत भी हो चुकी है।

निराश्रित मवेशियों के कारण सड़कों पर हो रहे सड़क हादसों को रोकने सरकार ने योजना बनाई। बीते वर्ष सरकारी फरमान पर अमल करने के लिए कुछ दिनों तक मवेशियों को पकड़ने धरपकड़ अभियान चलाया गया लेकिन अब यह दिखावा बनकर रह गया है। उमरियापान से ढीमरखेड़ा मार्ग पर उमरियापान, बम्हनी, मडेरा, बनेहरी, गर्राघाट, पोंडी खुर्द, खिरवा, सिमरिया और ढीमरखेड़ा तक जगह जगह सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। ढीमरखेड़ा से दशरमन और ढीमरखेड़ा से खमतरा मार्ग पर भी सैकड़ों निराश्रित मवेशियों का सड़क पर जमावड़ा लगा रहता है।

#### मुख्य मार्ग एवं चौराहों में जमावड़ा

उमरियापान की बात करें तो यहाँ मुख्य बाजार झंडा चौक,अँधेली बाग, पुलिस थाना के समीप सहित अलग अलग जगहों पर मवेशी डेरा जमाए रहते हैं। जिससे कि राहगीरों को दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। उमरियापान ढीमरखेड़ा मार्ग पर मडेरा और शुक्ल पिपरिया में बीती रात वाहनों की टक्कर से दो मवेशी चोटिल हो गए हैं।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सड़कों पर धूम रहे गौवंश सहित अन्य निराश्रित मवेशियों को गौशालाओं और सुरक्षित स्थानों पर रखने के आदेश ग्राम पंचायतों को जारी किए।लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में इस अभियान का औपचारिकता निभा रहे है। प्रमुख सचिव और कलेक्टर का आदेश का पालन नहीं हो रहा है। रात के समय वाहनों की गति अधिक होने से अक्सर हादसे हो जाते हैं।

#### बारिश के दिनों में सड़क पर बैठते हैं बेसहारा मवेशी

बारिश के दिनों में आवारा मवेशी कीचड़ से बचने सूखी जगह में बीच रोड पर बैठते हैं। अंधेरा होने या चालक की असावधानी से वाहन मवेशियों से टकराते है। जुलाई से सितंबर तक इस वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होती है। ग्रामीण इलाकों में सड़कों पर निराश्रित मवेशी डेरा जमाए रहते हैं। ये मवेशी वाहनों के हार्न बजाने से भी नहीं उठते। इनको बचाने के फेर में अक्सर हादसे होते हैं। वहीं दूसरी ओर भारी वाहन यदि तीव्र गति में होते हैं तो मवेशियों की मौत हो जाती है। कुल मिलाकर जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते ही कभी लोग तो कभी मवेशी बेमौत मर रहे हैं।



# बका लेकर दहशत फैलाते युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बका लेकर दहशत फैला रहे एक बदमाश को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी सुयश पांडेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा सभी थाना व चौकी प्रभारियों को आपराधिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इसी तारतम्य में भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को अपने धार दार बका लहराकर आतंक मचाते हुए पकड़ा।

जानकारी देते हुए बिलहरी चौकी प्रभारी सुयश पांडे ने बताया कि गया कुंड के पास ग्राम कैमोरी में बका लहराकर बदमाश आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। सूचना मिलते ही की पुलिस ने कैमोरी से एक व्यक्ति को हाथ में लोहे का धारदार बका लिए हुए आम जनता को डराते धमकाते हुए पकड़ा। घेराबंदी कर पकड़े गए मोहम्मद इकबाल पिता शेख हैदर उम्र 26 साल निवासी ग्राम बडखेरा थाना कुठला जिला कटनी से घातक बका जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### कार्रवाई में ये रहे शामिल

कार्यवाही में थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय, प्र.आर. धर्मेंद्र यादव, संतोष प्रजापति, आर. लव उपाध्याय का योगदान रहा।

*जिला मुख्यालय से लेकर तहसील एवं पंचायतों में हुई जन सुनवाई*

# 170 आवेदकों ने जन सुनवाई में बताई अपनी समस्याएं, निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे 170 आवेदकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई जिला मुख्यालय से लेकर अनुविभाग, तहसील और विकासखंड मुख्यालय सहित ग्राम पंचायतों में भी आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान पटेहरा निवासी मनोहर सिंह पिता महेश सिंह ने आवेदन देते हुए कहा कि मैं लघु किसान हूँ एवं मेरा नाम गरीबी रेखा में दर्ज है। मुझे शुरू में किसान सम्मान की दो किश्ते प्राप्तं हुई, परंतु उसके बाद किश्त आना बंद हो गई। जबकि मेरे सभी दस्तावेज सही है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने भू-अभिलेख अधीक्षक को निश्चित समयावधि में शिकायत का निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत नन्हवारा कला निवासी रम्मू लाल चौधरी ने कलेक्टर को बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा आवास हेतु कराये जा रहे सर्वे में मेरा नाम नहीं आया है। मेरा मकान कच्चान है एवं मैं मजदूरी करके अपना जीवनयापन करता हूँ। इस पर कलेक्टर ने बड़वारा जनपद सीईओ को समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

ग्राम गणवास निवासी राकेश लोनी पिता तेजबली ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि ठेकेदार राकेश दीक्षित के द्वारा हम 10 मजदूरों से 15 दिन तक पाइपलाईन की सीसी ढलाई का कार्य कराया गया। इस कार्य की कुल मजदूरी 26 हजार 950 में से 13 हजार 450 रूपये का भुगतान किया गया जबकि शेष राशि का भुगतान 2 माह बीत जाने के बाद भी नहीं किया जा रहा है। शिकायत का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम रोहनिया निवासी कन्हैयालाल रजक ने बताया कि तहसील बड़वारा द्वारा पटवारी हल्कां नंबर 11 स्थित भूमि खसरा नंबर 236/1 रकबा 0.12 हेक्टेवयर जो सह खातेदार राममिलन एवं शंकर रजक के नाम पर दर्ज है उस पर ज्योति रजक पति दीपक रजक द्वारा पश्चिम दिशा मे अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

### तेज बारिश से कई क्षेत्रों में भरा पानी, पेड़ हुआ धराशायी



बड़वारा क्षेत्र में तेज बारिश हुई। दोपहर बाद से शुरू हुई बारिश शाम तक होती रही। तेज बारिश होने से कई क्षेत्रों में पानी भर गया। कई घंटे तक बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। बारिश एवं तेज हवा के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास लगा एक पेड़ धराशायी हो गया हालांकि इससे किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए पेड़ को हटाया। बड़वारा के आसपास के ग्रामों लखाखेरा, उमरिया जगतपुर, रूपोंद एवं विलायतकला में भी जोरदार बारिश होने से जहां उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली वही खेती किसानी का कार्य भी गति पकड़ेगा।

# शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन, दीक्षांत समारोह आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़




विजयराघवगढ़ नवीन शैक्षणिक सत्र 2025 26 में नव प्रवेश से विद्यार्थियों के लिए 02 जुलाई से तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा महाविद्यालय के प्रवेश प्रभारी डॉ सुमन पुरवार ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी दीक्षारंभ कार्यक्रम में नव प्रवेशीय विद्यार्थियों छात्र-छात्राओं को शिक्षकों से परीचित कराया जाएगा तथा महाविद्यालय से प्राप्त विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान कराई जाएगी।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुषमा श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया की प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पूर्व छात्रों के अनुभवों का लाभ नव प्रवेशित विद्यार्थी छात्र-छात्राएं भी प्राप्त कर सकेंगे इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन योजना प्लेसमेंट पाठयक्रम गतिविधियों से संबंधित जानकारी विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं एवं स्वयं पोर्टल की आवश्यक जानकारी भी दी जाएगी महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती श्रीवास्तव ने 02 जुलाई से प्रातः 11:00 बजे से आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में उपस्थित होने अपेक्षा की है।

*लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पन्ना मोड़ क्षेत्र का भ्रमण कर जानी समस्याएं*

# महापौर ने मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा, नागरिकों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पन्ना मोड, पेट्रोल पंप के पीछे स्थित बस्ती का औचक निरीक्षण कर नागरिकों की समस्याएं जानी तथा मौजूद अधिकारियों को जल निकासी की सुविधा हेतु नाली का प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शकुंतला सोनी क्षेत्रीय उपयंत्री अश्विनी पांडेय सहित स्थानीय नागरकों की मौजूदगी रही। नागरिकों को निगम प्रशासन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं को परखनें पहुंची महापौर श्रीमती सूरी को निरीक्षण के दौरान सरला नगर के निवासी सोहनलाल श्रीवास्तव नें बताया कि नाली से उचित जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न होने के कारण क्षेत्रीय जनों का आवागमन भी प्रभावित होता है। नागरिकों की समस्या से अवगत होकर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा क्षेत्री उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय को सावित्री स्कूल से सोहनलाल श्रीवास्तव के घर तक नाली निर्माण कराये जानें का नियमानुसार प्रस्ताव तैयार कर नाली निर्माण कराने के निर्देश दिए।

#### जल निकासी की समस्या का होगा शीघ्र समाधान

बिरसा मुण्डा वार्ड स्थित कृषि उपज मंडी से एफ.सी.आई गोदाम मार्ग में जलभराव के कारण आवागमन में होने वाली समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा क्षेत्रीय पार्षद नन्ही बाई गौटिया के साथ मीरा धाम कॉलोनी मार्ग का पैदल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनों द्वारा बताया गया कि पूर्व में निर्मित नालियां क्षतिग्रस्त होनें तथा ढाल सही होने के कारण अतिवर्षा के दौरान मार्ग में घुटनों तक की पानी भराव की समस्या उत्पन्न होने से नागरिकों का आवागमन बुरी तरह से प्रभावित होता है। जिस पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा नागरिकों की इस गंभीर समस्या के निराकरण हेतु नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश मौके पर उपस्थित उपयंत्री अश्विनी पांडेय को दिए गए।

#### मथुरा धाम कॉलोनी में बनेगी डब्ल्यूबीएम रोड एवं नाली

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा मथुराघाम कॉलोनी के भ्रमण के दौरान स्थानीय नागरिकों द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण की मांग किये जाने पर महापौर श्रीमती सूरी नें उपयंत्री श्री अश्वनी पांडेय को सुगम आवागमन हेतु डब्लयू बीएम रोड एवं जल निकासी की व्यवस्था हेतु नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष अशोक दत्त, संजू गर्ग आदि की उपस्थिति रही।

### प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ सोसायटी ने बालिकाओं को दी महत्वपूर्ण जानकारी

# लिटिल स्टार फाउंडेशन में बालिकाओं के लिए लगाया जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





हर साल एक जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। ये दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी सेहत का ध्यान रखते हैं। ये हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पड़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं। यही कारण है कि डॉक्टर को भगवान का रूप कहा जाता है। य़ह अवसर दुनिया भर के डॉक्टरों की भावना को याद करता है जो रोगियों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम करते हैं। साथ ही आज ही के दिन फॉगसी गर्ल चाइल्ड डे भी मनाया जाता है।

मंगलवार को कटनी प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ सोसायटी के तत्वाधान में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं फॉगसी बालिका दिवस बड़े उत्साह के साथ लिटिल स्टार फाउंडेशन हिरवारा में मनाया गया। इस अवसर पर बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें डॉ वंदना गुप्ता डॉ हर्षिता गुप्ता डॉ स्वाति जैन एवं डॉ निधि बजाज के द्वारा बालिकाओं को सर्वाईकल कैंसर एवं माहवारी से संबंधित समस्याओं के बारे में भी जानकारी दी उपस्थित चिकित्सकों ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर जिसे हिंदी में गर्भाशय का कैंसर भी कहते हैं इसका मुख्य कारण एचपीवी वायरस है एचपीवी एक ऐसा वायरस है जो यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है सर्वाइकल कैंसर के बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण किया जाता है यह वैक्सीन एचपीवी वायरस के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करती है यह मुख्य रूप से 9 से 44 वर्ष की आयु के लड़कियों और महिलाओं को लगाई जाती है साथ ही 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को निःशुल्क सर्वाईकल कैंसर का टीका भी लगाया गया।

इस शिविर में सोसायटी की अध्यक्ष डॉ हर्षिता गुप्ता, सचिव डॉ स्वाति जैन, डॉ वंदना गुप्ता, डॉ उमा निगम, डॉ मनीषा साहू, डॉ ज्योत्स्ना निगम, डॉ स्नेह चौधरी, डॉ निधि बजाज, डॉ हर्षा बत्रा, डॉ सुजाता त्रिपाठी, डॉ सुषमा गट्टानी, डॉ आर्यन तिवारी के साथ सोसायटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों मे कराई गई विशेष सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में जालपा वार्ड स्थित राष्ट्रीय स्कूल के पास स्थित नाला एवं आदर्श कालोनी स्थित धर्मलोक हॉस्पिटल के बाजू स्थित बड़े नाले में जे.सीबी मशीन द्वारा सफाई कराई जाकर सुगम जल निकासी के प्रयास किये गए। जल निकासी की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नेहरू वार्ड स्थित भुमिया टोला, एल.आई.सी ऑफिस के आगे, शिवाजी वार्ड स्थित घाट की सफाई, पाठक वार्ड स्थित सोनी भवन के पास वाले नाले, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला, बारडोली कॉलेज के सामने, रघुनाथ गंज वार्ड सहित नगर के अन्य स्थलों में नाले एवं नालियों की सफाई कर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गों की सफाई व्यवस्था के तहत नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के विभिन्न मार्गो सहित मुख्य मार्ग के डिवाइडर, रैन बसेरा आश्रय स्थल, बस स्टेंड, वेंकट स्कूल परिसर, बरही रोड मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्गों की सफाई का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए। इसी प्रकार मोहर्रम पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मिशन चैक की धुलाई सहित अमीरगंज स्थित मस्जिद के आसपास वार्ड क्रमांक 5 स्थित अहमद नगर के विभिन्न स्थलों की सफाई सहित गाटर घाट कर्बला शरीफ के पास झाड़ियों की कटाई एवं सफाई सहित मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों के आसपास सफाई का कार्य कराया गया।

## खबर संक्षेप

### बीएलओ एवं सुपर वाईजर का तीन दिनी प्रशिक्षण कल से

**कटनी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित बनाने हेतु बीएलओ के क्षमता विकास हेतु सभी बूथ लेवल अधिकारियों को 3 जुलाई से 5 जुलाई तक बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय प्रशिक्षण दो शिफ्ट प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक एवं दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक प्रदान किया जाना है। निगमायुक्त नीलेश दुबे नें बस स्टैंड में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए निगम के अधिकारियों को माईक साउंड बॉक्स, प्रोजेक्टर के साथ ही पेयजल , साफ-सफाई एवं बैठक व्यवस्था निर्धारित समय पर सुनिश्चित करानें के निर्देश दिए है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर राकेश बारी व्याख्याता शिक्षा विभाग द्वारा 3 जुलाई को मतदान केन्द्र क्रमांक 1 से 100 तक के बीएलओ को दो शिफ्ट में प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहीं 4 जुलाई को मास्टर ट्रेनर आलोक पाठक प्राचार्य शिक्षा विभाग द्वारा 5 जुलाई को मतदान केन्द्र क्रमांक 101 से 200 तक के बीएलओ तथा मनोज गौतम विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा 201 से 291 तक के बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

### एसपी ने छात्र छात्राओं के साथ किया पौधारोपण

**कटनी।** पुलिस लाइन परिसर में मंगलवार को हरियाली महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान एसपी अभिनय विश्वकर्मा के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पौधों का रोपण किया। पुलिस लाइन और अन्य थानों के कर्मचारियों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। परिसर में छायादार और फलदार पौधों की विभिन्न प्रजातियां रोपी गईं। एसपी कटनी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अनमोल हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना जरूरी है। सभी उपस्थित लोगों ने पौधारोपण में भाग लेकर हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस पहल से समाज में पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी, डीएसपी मुख्यालय उमराव सिंह, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, कोतवाली थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह, माधवनगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे सहित और कई अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### खदान संचालक के विरूद्ध दर्ज हुआ प्रकरण

**कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम भदावर में संचालित एक डोलोमाइट की खदान में विस्फोट के मामले के संबंध मे पुलिस ने खदान संचालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध के पुरे मामले की विवेचना शुरू कर दी गईं हैं। पुलिस कार्यवाही के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया ने अधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि.थाना बड़वारा अंतर्गत ग्राम भदावर में डोलोमाइट खदान संचालक एवं ग्रामीणों के मध्य हुए विवाद पर खदान संचालक के विरुद्ध धारा 288, 125, 125a, 296, 351(2),3(5) भारतीय न्याय संहिता, 3(1)(द),3(1)(घ), 3(2)(va) एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है । इस पुरे मामले मे पुलिस ने अपनी जांच प्रारम्भ कर दी हैं।

### बुधवार को बड़वारा में आयोजित होगा विधिक साक्षरता शिविर

**कटनी।** विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत बड़वारा में बुधवार 2 जुलाई को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है। एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि यह शिविर शाम 4 बजे से ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित होगा। शिविर में आमजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। साथ ही समस्त विकासखंड स्तरीय अधिकारी निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे।

---

राष्ट्रीय राजमार्ग में स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम छपरा के समीप कार सवारों से बदमाशों ने की थी लूट

# तीन लुटेरे गिरफ्तार, 4.50 लाख का सोना बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय राजमार्ग में कार सवारों से लाखों रूपए नकदी सहित जेवरात लूटने के मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा ने प्रेसवार्ता में मामले का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार अखिलेश श्रीवास्तव 49 साल निवासी मानसरोवर कालोनी थाना माधवनगर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जबलपुर से लोटते समय अज्ञात व्यक्तियों ने चाकू अड़ाकर सोने की एक चैन, दो सोने की अंगूठी, अष्ट धातू की अंगुठी व मेरे पर्स के पैसे सहित दो लाख पच्चास हजार रुपये एवं मेरे साथियो ओमप्रकाश शुक्ला से पंद्रह हजार रुपये, रामसुजान वंशकार से सात हजार रुपये व लावा कंपनी का कीपेड मोबाइल लूट कर भाग गये है। रिपोर्ट पर धारा 309(6) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अखिलेश श्रीवास्तव ने शिकायत में बताया था कि 18 जून को दिन में करीब 2 बजे कार एमपी 21 सीबी 1166 से अपने मित्र ओमप्रकाश शुक्ला और रामसुजान वंशकार के साथ मेडिकल अस्पताल जबलपुर गये थे। जबलपुर से हम तीनो कटनी वापस आ रहे थे कि इसी बीच लघुशंका के लिए एनएच 30 रोड छपरा टाटा कमर्शियल के सामने गाडी खड़ी करके बाथरुम करने लगा। तभी पीछे से तीन लड़के आए जिनके पास चाकू थे मुझसे बोले कि जो भी तुम्हारे पास है सब दे दो, मैंने पर्स नीचे रख दिया। बदमाशों ने मेरे गले में सोने की चैन को खींच लिये, फिर मेरी दाहिने हाथ की उंगली से दो सोने की अंगुठी एवं अष्ट धातू की अंगुठी को उतरवाकर ले लिये और मेरे जेब से पच्चास हजार रुपये छीन लिये। बदमाशों से मुझे घिरा देख ओमप्रकाश शुक्ला और रामसुजान वंशकार आये तो बदमाशों ने ओप्रकाश से पंद्रह हजार रुपये छीन लिये एवं गाडी डेस्क बाक्स में रखे दो लाख रुपये भी निकाल लिये। बदमाशों ने मारपीट भी की और रामसुजान से सात हजार रुपये, कीपेड मोवाइल छीन।

पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान लेते हुए घटना कारित करने वाले आरोपियों को पकड़ने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया को निर्देशित किया और एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के नेतृत्व में एक विवेचना टीम का गठन किया जिसमे थाना प्रभारी स्लीमनाबाद निरीक्षक



अखलेश दाहिया, उनि. सिद्धार्थ राय थाना कैमोर, उनि अश्वनी यादव थाना वि.गढ़., उनि रूपेन्द्र राजपूत सायबर सेल, सउनि अंजनी मिश्रा, सउनि सतीश जाटव, प्र. आर. प्रशांत विश्वकर्मा सायबर सेल को शामिल किया गया।

#### इन आरोपितों की हुई गिरफ्तारी

रुआ पारधी पिता कमलेश पारधी 21 साल नि हरदुआ मदार टेकरी थाना कुठला, संजय उर्फ संजू पिता नारायण प्रसाद सोनी 38 साल निवासी चडिकानगर थाना कुठला तथा अंकित उर्फ अखिलेश सोनी पिता बृजेश कुमार सोनी 35 साल निवासी बालाजीनगर कैलवारा रोड़ निवासी है वारदात में शामिल राज पारधी, उजाला पारधी, टीच पारदी सभी निवासी हरदुआ मदार टेकरी फरार बताए गए हैं।

रूआ पारधी पिता कमलेश पारधी नि हरदुआ मंदार टेकरी थाना कुठला जिला कटनी का मैमोरेण्डम व संपत्ति जप्ती पत्रक जिसमें एक नीले रंग की होंडा साईन मोटरसाईकल जिसका क्र एम पी 21 एम पी 6889 एवं काले रंग के पाईप के अंदर स्टील की बड़ी चाकू (गुप्ती) व काले रंग का टचस्क्रीन ओप्पो कंपनी का मोबाईल) की सत्यापित प्रति प्राप्त कर थाना हाजा के अपराध में शुमार की गई। और आरोपी रूआ पारधी की प्रकरण में गिरफ्तारी की गई है। और आरोपी को न्यायालय से दिनांक 30.05.25 को दो दिवस के पुलिस रिमांड लिया गया।

आरोपी संजय सोनी 38 साल निवासी चडिकानगर थाना कुठला एवं अंकित उर्फ अखिलेश सोनी निवासी बालाजीनगर थाना कोतवाली कटनी को लूट का सामान खरीदी पर गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में धारा 317(2) एवं आरोपी रूआ पारदी द्वारा संगठित अपराध सिन्धीकेट की ओर से सयुक्त रूप सामान मति से कार्य करते हुये अपने साथियो के साथ मिलकर लगातार विधि विरूद्ध क्रियाकलाप लूट / डकैती छुरा, चाकू, थियारो से लोगो को डरा धमका कर सामान, पैसे छीनने व लूटने का अपराध कारित करने से संगठित अपराध पाये जाने से धारा 111(2) (ख) बी एन एस बढ़ायी गयी है। आरोपियो को न्यायालय पेश किया गया है एवं अन्य 03 आरोपी राज पारधी, उजाला पारधी, टीच पारधी सभी निवासी हरदुआ थाना कुठला की तलास पतासाजी जारी है।

#### आरोपियों से ये सामग्री बरामद

पुलिस ने आरोपितों के पास से सोना 19.600 ग्राम, 01 सोने की चेन 19.280 ग्राम, 01 नंग सोने की अगूठी 2.650 ग्राम, एक जोड़ी सोने की बाली 2.00 ग्राम, एक सोने की खुटिया 0.180 ग्राम, 6- नगदी 2000 रूपये कुल- 43.710 ग्राम सोना कीमती करीब 4,50,000 रूपये जप्त किया गया है।

#### रूआ पारधी पर दर्ज हैं कई अपराध

आरोपी रुआँ पारधी पिता कमलेश पारधी निवासी हरदुआ मंदार टेकरी थाना कुठला एवं इसके साथियो के विरूद्ध जिले के आस पास के थाना सिहोरा जिला जबलपुर मे अपराध क्र.378/25 धारा 309(4),311 बी एन एस, थाना खितौला जिला जबलपुर मे अपराध क्र. 192/25 धारा 310(2) बी एन एस, थाना मैहर जिला मैहर मे अपराध क्र 512/25 धारा 309 (6) बी एन एस, बस स्टेन्ड पुलिस चौकी थाना कोतवाली जिला कटनी अपराध क्र. 529/25 धारा 309 (4) बी एन एस एवं थाना स्लीमनाबाद जिला कटनी मे अपराध क्र. 368/25 धारा 309(6) बी एन एस पंजीबद्ध किये गये है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद निरीक्षक अखलेश दाहिया, उनि काशीराम झारिया, उनि. सिद्धार्थ राय थाना कैमोर, उनि अश्वनी यादव थाना वि. गढ़., सउनि अंजनी मिश्रा, सउनि सतीश जाटव, प्र.आर यूसुफ शेख, आर राजेन्द्र उइके, विशाल शिवहरे, अभिषेक सिंह, बृजेश सिंह, उनि रूपेन्द्र राजपूत सायबर सेल, प्र.आर. प्रशांत विश्वकर्मा सायबर सेल,आदि शामिल रहे।

---

*निगमायुक्त ने सुरक्षा एवं राहत व्यवस्था के लिए सौपे गए दायित्व*

# बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटने के लिए पहले से तैयारियां दुरूस्त रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मानसून सत्र के दौरान बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटनें तथा जान-माल की क्षति को कम करनें के उद्धेश्य से पूर्व से तैयारियां कर अतिवृष्टि या बाढ़ की स्थिति में निचली बस्तियों मे जल निकासी एवं आवश्यक सुरक्षा के प्रबंध कर बचाव, राहत आदि कार्य व्यवस्था के संबंध में निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा एक आदेश जारी किया जाकर अधिकारियों को दायित्व सौपा है।

निगमायुक्त द्वारा बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु विभागीय कार्य व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु श्री शैलेष गुप्ता उपायुक्त को बाढ़ नियंत्रण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी, श्री सुधीर मिश्रा प्रभारी कार्यपालन यंत्री एवं जागेश्वर प्रसाद पाठक राजस्व अधिकारी को सहायक बाढ़ नियंत्रण व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

निगमायुक्त द्वारा बाढ़ आनें अथवा निचली बस्तियों में पानी भराव की स्थिति से निपटनें की कार्यव्यवस्था हेतु निगम के अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौपें जाकर बाढ़ प्रकोष्ठ तैयार करनें, शासन एवं प्रशासन द्वारा चाही गई जानकारी तैयार कराना, आपदा प्रबंधन कक्ष में बाढ़ आपदा सामग्री का भंडारण सुनिश्चित करनें, आपदा राहत कार्यो में सहयोगी सामाजिक संस्थाओं, व्यक्तियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु उपायुक्त शैलेष गुप्ता को प्रभारी नियुक्त कर सहयोगी के रूप में 5 अधिकारियों सहायक यंत्री स्वास्थ्य अधिकारी प्रभारी फयर नियंत्रण अधिकारी सहित अन्य को दायित्व दिया है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मुनादी करानें, कच्चे पुराने जीर्ण शीर्ण एवं जर्जर भवनों का सर्वे कर चिन्हित कर नोटिस जारी करना, जी प्लस टू एवं इससे अधिक उंचाई वाले भवनों में तडित संचालक यंत्र की स्थापना हेतु सूचना पत्र जारी करना, बिल्डिंग बायलॉज एवं अग्नि सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित करनें, वर्षा काल के दौरान भवन गिरनें की स्थिति में राहत और बचाव की संपूर्ण कार्यव्यवस्था सुनिश्चित करनें सहित नदी घाटों पर बेरिकेडिंग करानें हेतु प्रभारी अधिकारी कार्यपालन सुधीर मिश्रा को नियुक्त कर सहयोगी के रूप में अधिकारी कर्मचरियों की डयूटी लगाई गई है। निगमायुक्त नें अधिकारियो को प्रभार क्षेत्र के वार्डो में राहत स्थलों का चिन्हांकन तथा प्रभावितों को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था करने,नदी घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगवाना एवं प्रभार क्षेत्र के वार्डो में आने वाले बाढ़ राहत केन्द्रो में आवश्यक व्यवस्थाएँ कराने, बाढ़ संभावित क्षेत्रों में लोगों को संकट से सचेत और सावधान रहने के लिये सतर्क करना और उनमें जागरुकता लाने, नदी किनारे की बस्तियों क्षेत्र, जहां पूर्व में बाढ़, जलप्लावन की स्थितियां निर्मित हुई थी, वहां पर पूर्व अनुभवों के आधार पर विशेष व्यवस्था करने सहित अन्य व्यवस्थाएं करने दायित्व सौपे है

---

## पुलिस लाइन में एएसपी ने परेड का निरीक्षण कर ली सलामी



पुलिस लाइन में मंगलवार को प्रात: 7 बजे जनरल परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एएसपी डॉ संतोष डेहरिया ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों और जवानों के अनुशासन, वर्दी, और टर्नआउट की सराहना की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि कुछ को सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके पश्चात, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने स्टोर रूम, शस्त्रागार का भी निरीक्षण किया और अस्त्र-शस्त्रों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर निरीक्षक संजय दुबे, निरीक्षक अनूप सिंह, कार्यवाहक निरीक्षक आशीष शर्मा, थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र यादव, थाना प्रभारी बहोरीबंद सुरेंद्र शर्मा, थाना प्रभारी केमोर अरविंद चौबे, थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा शाहिद खान और अन्य 65 अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# ग्राम पंचायत कांटी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम कल होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में गुरुवार 3 जुलाई को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसी प्रकार गुरुवार 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

---

*नये अपराधिक कानून के एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला का आयोजन*

# नये अपराधिक कानून के तहत जिले में 1 वर्ष में 3548 प्रकरण किये गए पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारतीय न्याय व्यवस्था में लागू हुए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जैसे नए आपराधिक कानूनों को एक वर्ष पूर्ण हो गया है। यह वर्ष डिजिटल युग में पुलिस व न्याय प्रणाली के तकनीकी सशक्तिकरण के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों,ग्राम नगर रक्षा समिति के सदस्यों तथा नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पुराना कानून दंड पर आधारित था किंतु 1 जुलाई 2024 से लागू नवीन कानून न्याय आधारित है। जिसका उद्देश्य न्याय की पहुंच पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करना है। समय के साथ कानून में और अधिक तकनीकी, डिजिटल विकास होंगे एवं सामाजिक परिवर्तन की अनुरूप कानून में नए संशोधन होंगे जिसके लिए केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा इस दिशा में भविष्य में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।

ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए पुलिस कप्तान ने कहा की ग्राम रक्षा समितियां का महत्वपूर्ण योगदान शहर एवं ग्राम की शांति व्यवस्था बनाए रखने में होता है। नए आपराधिक कानून में E FIR की सुविधा प्रदान की गई है। जिससे कोई भी आमजन कही से भी मोबाइल के माध्यम से E FIR कर सकता है। MP Police Website/MP COP App/ Citizen Portal से ई-एफआईआर दर्ज की जा सकती है। किसी भी थाने में FIR दर्ज कराई जा सकती है – जिसे आवश्यकता अनुसार Zero पर दर्ज कर संबंधित थाने को स्थानांतरित किया जाता है।

15 वर्ष से कम एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र के किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी से पूर्व पुलिस को अनुमति लेना आवश्यक होगा। 07 वर्ष से कम सजा के अपराध में पुलिस द्वारा सीधे गिरफ्तारी नहीं की जाती है। NCRP पोर्टल व CEIR प्रणाली से साइबर अपराध और मोबाइल गुमशुदगी का त्वरित निराकरण किया जाता है। विगत 1 वर्ष में नवीन आपराधिक कानून के तहत कटनी जिले में कुल 3548 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। जिसमें से 1463 के चालान न्यायालय में पेश किए गए । जिसमें से अभी तक 49 प्रकरणों में अपराधी को सजा दिलाने में कटनी पुलिस को कामयाबी मिली है।

---

**आज से शुरू होगा पूर्णिमा महोत्सव मैहर।** मां शारदा शक्तिपीठ मैहर के पुजारी रमेश पाण्डेय बम-बम महाराज के सानिध्य में सागर में 2 जुलाई से 10 जुलाई तक पूर्णिमा महोत्सव एवं श्री भक्तमाल का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 जुलाई को दिव्य आगवानी, 3 जुलाई को गोपाल यज्ञ एवं 3 जुलाई से 9 जुलाई तक दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक श्री भक्तमाल की कथा महंत किशोरदास देव जी महाराज के अमृतमई वचनों से श्रवण कराई जाएगी।


स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट

शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यों के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।



पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।


---

**कलेक्टर, एसपी, डीएफओ, विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण**

# नगर वन में रोपे गए 11 सौ पौधे, पौधारोपण के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर से लगे गुलवारा ग्राम पंचायत में जिला प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त भागीदारी से तैयार किये गये नगर वन सिटी फारेस्ट में मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 1 हजार 112 पौधों का रोपण किया गया। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा ने भी यहां पौधारोपण किया।



इस दौरान कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि 5 जून को विश्व् पर्यावरण दिवस के बाद से प्रदेश के साथ जिले में भी पौधारोपण शुरू हुआ। पूरे जिले में मनरेगा सहित नगरनिगम, नगरीय निकायों और अन्य सभी विभागों के द्वारा शासकीय जमीनों में पंचायतों को भी शामिल कर पौधे लगाये जा रहे है। कलेक्टर ने पंचायतों, एनजीओ एवं सेल्फर हेल्पत ग्रुप के द्वारा व्यापपक पैमाने पर पौधारोपण हेतु आगे आने का आग्रह करते हुए कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखरेख की भी व्यकवस्था की जानी चाहिए। श्री यादव ने यहां विकसित तितली वन की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जागृति पार्क में भी तितली वन बनकर तैयार है। कलेक्टर ने संस्थोओं से अपील करते हुए कहा कि पौधे लगाने के बाद इनकी देखरेख के पुख्ताध प्रबंध किये जाये तथा जन्मथदिन, मैरिज एनिवर्सिरी आदि के अवसर पर यादगार के तौर पर पौधा अवश्य लगायें।

पुलिस अधीक्षक श्री विश्वरकर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पुलिस लाइन में भी पौधारोपण किया गया। नगर वन में स्कूतल एवं कॉलेज के बच्चोंग को बुलाकर तितली वन में पौधारोपण किया गया। जिससे जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ा जा सके।

वहीं डीएफओ श्री शर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एसबीआई की मदद से एसबीआई के 70 वर्ष पूरा होने पर बच्चों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। पिछले वर्ष नगर वन के 20 हेक्टेलयर क्षेत्र में लगभग 1500 पौधे लगाये गए थे। जो कि अब हरा-भरा हो चुका है। उन्होंगने बताया कि नगर वन कान्सैप्ट भारत सरकार के ग्रीन इंडिया मिशन का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। जिसके तहत यहां गुलवारा में 20 हेक्टेयर भूमि में इसे विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां मातृवन, नक्षत्र वन, राम-सीता वाटिका, स्मृति वन, मेडिशनल प्लांट के लिए वाटेनिकल गार्डन, ओपन जिम, साइकिल ट्रैक, भी बनाया गया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से यहां तितली पार्क विकसित किया जा रहा है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर वन में हुये पौधारोपण के सामाजिक अनुष्ठान में समाज के सभी वर्गों ने सहभागिता निभाई। इस दौरान मजिस्ट्रेट सुमित शर्मा, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया, एस डीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे, रीजनल मैनेजर एसबीआई हरीश रघुवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद कुमार, एसडीओ वन सुरेश बरोले आदि पुण्य कार्य में भागीदार बनें।

---


**कार्यालय ग्राम पंचायत झरेला**
**जनपद पंचायत-बड़वारा, जिला- कटनी - 483773 (म.प्र.)**

सरपंच
श्रीमती गुड्डी बाई पाल-अवसर पाल
मो. 7697172479
निवास- ग्राम पंचायत झरेला

सचिव
श्री नरेश यादव
मो.8839104268

क्रमांक/Q/निविदाये/ग्रा.पं./025 — झरेला दिनांक: 01/07/2025

**निविदा (कोटेशन) आमंत्रण सूचना प्रकाशान**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत झरेला जनपद पंचायत बड़वारा जिला कटनी (म.प्र.) में ग्राम पंचायत भवन सी, सी, रोड नाली निर्माण एवं अन्य कार्य निर्माण कार्य करवाया जाना सुनिश्ति है। जिसमें निर्माण कार्य में लगने वाली निम्नलिखित सामग्री क्रय करने की नीचेलिखे अनुसार सामग्री प्रदाय कराये जाने के लिये आमंत्रण हेतु प्रेस विज्ञप्ति जारी किये जाने हेतु आवेदन आपकी ओर प्रषित है। सामग्री का विवरण :- 1 लोहा 2 सीमेन्ट 3 रेत 4 गिटटी 5 ईट एवं पंचायत के रखरखाव और अन्य सामग्री की निविदिकाए (कोटेशन) पत्र जारी दिनांक से सात दिवस के अन्दर उपलब्ध कराया जाना है ।

ग्राम पंचायत झरेला
ज. पंचा. बड़वारा, जि. कटनी (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर श्री संदीप जी आर प्रभारी संभाग आयुक्त बने

**पन्ना।** संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की सेवानिवृत्ति के उपरांत मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के तहत सागर जिले के कलेक्टर श्री संदीप जी आर को संभाग का प्रभारी कमिश्नर नियुक्त किया गया है।

### घनश्याम पांडेय ने संभाला सीएमओ अमानगंज का पदभार

**अमानगंज।** अमानगंज नगर निकाय में आज दिनांक 1 जुलाई 2025 को संस्था के राजस्व निरीक्षक घनश्याम पांडेय ने प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पदभार संभाला। इस मौके पर अमानगंज नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक एवं पार्षद गणों और नगर परिषद स्टॉफ सहित स्थानीय मीडिया तंत्र ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई देते हुए नगर विकास में सहयोग की अपेक्षा की। जहां आपने उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि नगर में विकास एवं कार्यालय में मजबूती से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया जाएगा एवं आम जनता को लाभ दिलाया जाएगा। कहीं भी कोई भी कोताही अगर दिखाई दी, तो शीघ्रता से उस पर कार्यवाही की जाएगी।

### आरसेटी में निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 जुलाई से

**पन्ना।** भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में आगामी 11 जुलाई से 9 अगस्त तक 30 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पुरूष आवेदक सेलफोन रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग तथा मोटर साईकिल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इस आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संस्था में प्रशिक्षणार्थियों के रहने, भोजन व नाश्ता इत्यादि की व्यवस्था भी निःशुल्क की जाएगी। संस्थान के निदेशक ने बताया कि पन्ना जिले के निवासी व ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक आवेदक आगामी 11 जुलाई तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### डॉ. पीपी मिश्रा बने छत्रसाल महाविद्यालय के प्राचार्य

**पन्ना।** शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह परमार की सेवानिवृत्त के उपरांत शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य का पदभार गणित विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पीपी मिश्रा को सौंपे जाने संबंधी आदेश अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सागर संभाग सागर द्वारा 30 जून को जारी कर दिया गया। आदेश में उल्लेख किया है कि वरिष्ठता के आधार पर श्री मिश्रा को उनके कर्तव्यों के अतिरिक्त शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया जाता है।

### खजुरी कुड़ार में ग्रामवासियों को दी विधिक जानकारी

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत खजुरी कुड़ार में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से ग्रामवासियों को विभिन्न उपयोगी विधिक प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई।

कीचड़ में फिसलकर गिर रहे लोग, व्यवस्था बनाने की की जा रही मांग, निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार के चलते बनी परेशानी

# बारिश के पहले पुल कंप्लीट नहीं होने के चलते 18 गांव के लोग हैरान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

नगर मुख्यालय से दो किमी दूर जामुनखेड़ा मार्ग पर स्थित पठाघाट पुल पर शासन द्वारा नए पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जो धीमी गति से से चलने के कारण यहां से निकलने वाली लोग काफी हैरान परेशान है। हालत यह है कि मंगलवार को बाजार के चलते काफी लोगों को कीचड़ दलदल मैं फिसलकर नगर में साप्ताहिक बाजार में आना पड़ा जिसके कारण ग्रामीणों ने अपना आक्रोश शासन प्रशासन निकाला है। लोगों का कहना है कि पुल की चल कछुआ गति की रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुराने रपटा को तोड़कर नया पुल बनाया जा रहा है। जिसका निर्माण जून 2025 तक पूरा कर लिया जाना था, लेकिन लोगों का कहना है। काम की रफ्तार देखकर अंदाजा लगाया जा रहा था कि पुल बरसात तक नहीं बन पाएंगा। उक्त पुल लाखों की लागत से बनाया जा रहा है। पांच माह में अभी पठाघाट पुल का 70 प्रतिशत ही काम हुआ। इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों ने बताया कि पुल निर्माण की रफ्तार धीमी गति से होने के कारण बारिश में दिक्कतों





का सामना करना पड रहा है।

### इस पुल से 18 गांव का होता है आना जाना

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यदि बारिश तक पुल निर्माण पूर्ण नहीं हुआ तो बड़ी दिक्कत होगी। क्योंकि इस मार्ग से एक दर्जन से ज्यादा ग्राम जुड़े हुए हैं। जहां के रहवासी प्रतिदिन मार्ग से होकर मुख्यालय एवं अन्य जिले के लिए आते जाते हैं जिसमें खामखेड़ा निबोरा अजीतपुर दलपतखेड़ा कछयाई खमरियाकला नन्ही देवरी निजाम देवरी बुढेला पटी बैलवाड़ा मानपुरा टगरा जवाहर नगर जामुन खेड़ा गोहुची खगोरिया बितली गांव आदि शामिल हैं। इन गांवों में रहने वाले लोगों की आबादी करीब 30 हजार से अधिक है पुल बनकर तैयार नहीं हुआ लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि इस पुल से बारिश के दिनों में निकलने के लिए दूसरा कोई ओर रास्ता नहीं है या फिर घूमकर 10 से 15 किलोमीटर का सफर तय कर नगर ओर गांव आना पड़ रहा है। लगभग 30 साल पहले निर्मित हुए जामुनखेड़ा मार्ग पर स्थित पठाघाट पुल की ऊंचाई कम होने से जरा सी बारिश में डूब जाता है, इससे आवागमन अवरूद्ध हो जाता है। कच्चे रास्ते पर गिट्टी डालकर व्यवस्था बनाने की जा रही मांग ग्रामीण अंचलों से आने जाने वाले लोग पल के नीचे बने कच्चे रास्ते में फिसल कर गिर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पत्थर की गिट्टी डालकर व्यवस्था बनाई जाए उक्त कार्य ठेकेदार द्वारा किया जाना चाहिए। इस बार की बारिश वैसे भी अच्छी नहीं हो रही है रिमझिम बारिश के कारण पल के नीचे बने रास्ते पर मिट्टी में फिसलन बनी हुई है। ग्रामीण जनों का कहना है जिसके कारण हम लोग स्पेशल कर गिर रहे हैं। कीचड़ में कपड़े खराब हो रहे हैं। आखिर इन सब के लिए जिम्मेदार कौन है हम चाहते हैं कि संबंधित ठेकेदार को व्यवस्थित व्यवस्था बनाने के लिए कुछ ना कुछ करना चाहिए।

## 24 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

पटेरा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी का गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जून को फरियादी थानसींग उर्फ राजू पिता धनसींग आदिवासी उम्र 32 साल निवासी ग्राम जेर (इमलिया) थाना पटेरा जिला दमोह ने थाना हाजिर हो रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 29.06.25 को जेर गांव के पास नेगुवां खेरे में लखन सींग आदिवासी के खेत में बिराजी खेर माता के यहां मेरे गांव के लोगो द्वारा हर साल की तरह सामूहिक रूप से पूजा रखी गई थी। जो गांव के लोगो ने सामूहिक रूप से चंदा करके माता के यहां बकरा की बली चढ़वा कर बकरे का मटन बनवाया था। रामसींग आदिवासी समय करीब 3 बजे दिन में खाना खाने बैठा था तभी मटन परोसने के विवाद पर से गांव के कमलेश यादव ने रामसींग उर्फ राजा आदिवासी को गंदी गंदी गालियाँ देकर जातिगत अपमान करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी कमलेश यादव ने रामसींग आदिवासी को तबल कुल्हाड़ी चेहरे में मार दी जिससे रामसींग के माथें से लेकर दाड़ी तक बुरी तरह से कटकर खून बहने लगा और कमलेश यादव मौके से फरार हो गया। रिपोर्ट पर दिनाँक 29 जून 25 को थाना पटेरा में अप.क्र. -171/25 बीएनएस व एससी/एसटी एक्ट की सुसंगत धाराओं में पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण गंभीर प्रकृति का होने एवं एससी/एसटी एक्ट की धाराओं का समावेश होने से अग्रिम विवेचना प्रशांत सुमन एसडीओपी हटा द्वारा की जा रही थी। विवेचना में श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के आदेश, सुजीत भदौरिया एएसपी दमोह के निर्देशन एवं एसडीओपी हटा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपी कमलेश यादव निवासी जेर (इमलिया) को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। सराहनीय कार्य में प्रशांत सुमन SDOP हटा, निरी. सरोज ठाकुर (थाना प्रभारी पटेरा), सउनि दिलीप सिंह, प्र.आर. रूपलाल, प्र.आर. दिनेश, आरक्षक बालमुकुन्द, आरक्षक रामकृष्ण, राघवेन्द्र, गब्बर राजपूत, मआ. रानी गौर का सहयोग रहा।

## शिक्षक शिक्षिकाओं के सेवानिवृत्त होने पर पीएमश्री विद्यालय में विदाई सम्मान समारोह



**हटा।** नगर के पीएम श्री एमएलबी विद्यालय सभाकक्ष में आयोजित संकुल अंतर्गत शिक्षक/ शिक्षिकाओं द्वारा अपनी अर्धवार्षिकी आयु 62 वर्ष पूर्ण करने वाले सेवानिवृत्त ग्यारह लोकसेवकों का संकुल स्तर से विदाई सम्मान समारोह विधायक उमादेवी लालचंद खटीक पूर्व विधायक डॉ विजय सिंह राजपूत शिक्षाविद डॉक्टर एमएम पांडे, पूर्व प्राचार्य विनय दवे के मुख्य आतिथ्य व संकुल प्राचार्य वीपी ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिन्हें मुख्य अतिथियों व उपस्थित शिक्षकों द्वारा फूलमाला पहनाकर, शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। एवं सभी ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि आप सभी ने अपने सेवा काल में उत्कृष्ट कार्य किया है, जो आपकी कार्यकुशलता को दर्शाता है। भाजपा नेता लालचंद खटीक ने संबोधित करते हुए कहा कि
शिक्षक की भूमिका कर्तव्य निर्वाहन को लेकर अपनी छाप स्वयं छोड़ती है शिक्षक की कर्तव्यनिष्ठ कार्य प्रणाली व उनके द्वारा दिया गया ज्ञान जो स्वयं ही अंधेरे से प्रकाश का मार्ग प्रशस्त करते हैं, शिक्षक तभी तो समाज में सदैव सम्माननीय माना जाता है और भगवान के साथ गुरु का दर्जा जो इतिहास में स्वयं साक्षी है। वहीं आज भी शासकीय विद्यालयों में जो शिक्षक अपनी कर्तव्यविष्ठ कार्य प्रणाली का निर्वाहन करते है उनके कार्यकाल को याद किया जाता है। इसके उपरांत सेवानिवृत्त प्राचार्य आरके पाठक, प्रमोद पटैरिया (सहा, शिक्षक) विजय आदर्श, बालाराम अहिरवार, ओमार प्रसाद तिवारी, हरिनारायण नेमा, नारायण प्रसाद पटेल, श्रीमती जयंती दुबे, मनोज गर्ग, श्रीमती ललित किशोरी तिवारी, श्रीमती पुष्पा गुप्ता( भ्रत्य ) सभी ने अपनी शासकीय सेवा काल के दौरान घटित अनुभवों पर चर्चा करते हुए अपने समस्त सहपाठियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का आभार पीसी खटीक द्वारा किया गया कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों के परिवारजन एवं संकुल के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। वहीं इसके पूर्व एकीकृत शासकीय विद्यालय हरदुआ सड़क में पदस्थ सहायक शिक्षक श्री प्रमोद पटेरिया को विद्यालय परिवार द्वारा स्कूल में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई।
जहां उन्होंने 24 वर्ष की सेवा शिक्षा प्रदान की ओर सदैव अपने कार्य को लेकर सजगता के साथ दृढ इच्छा शक्ति से समय को ध्यान में रखकर जिन्होंने निर्वाहन किय।

## वन विभाग के सेवा निवृत्त कर्मचारियों का किया स्वागत एवं सम्मान



**दमोह।** वन मण्डल कार्यालय दमोह के सभा कक्ष में एक गरिमामय कार्यक्रम में सेवा निवृत्त कर्मचारियों ज्ञानप्रकाश अहिरवार उप वनक्षेत्रपाल, राजेन्द्र पाठक वनरक्षक, रामसजीवन कुरेरिया वनरक्षक, रूपनारायण विश्वकर्मा स्थाई कर्मी, शेख नईम स्थाई कर्मी, नर्मदा प्रसाद प्यासी स्थाई कर्मी, दाताराम शर्मा स्थाई कर्मी, कोमल सींग आदिवासी स्थाई कर्मी का वन मण्डल अधिकारी दमोह ईश्वर जरांडे द्वारा सम्मान एवं स्वागत किया। कार्यक्रम में एम.डी. मानिकपुरी उप वन मण्डल अधिकारी दमोह, विक्रम चौधरी परिक्षेत्र अधिकारी दमोह, ऋषि तिवारी वन परिक्षेत्र अधिकारी हटा, अखिलेश चौरसिया वन परिक्षेत्र अधिकारी सगौनी के अतिरिक्त वन मण्डल कार्यालय दमोह के प्रभारी मुख्यलिपिक उमाशंकर राय, स्थापना शाखा प्रभारी सुधीर अहिरवार के साथ समस्त कार्यालयीन एवं मैदानी अमला उपस्थित रहा। सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों की भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन अनवार उल्ला खान द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन प्रभारी मुख्य लिपिक उमाशंकर राय द्वारा किया गया।

### स्कूली बच्चों को आयरन टैबलेट का सेवन कराया

**दमोह।** नव आरंभ शैक्षणिक सत्र के मौके पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने संयुक्त रूप से किल्लाई नाका स्थित शासकीय महात्मा ज्योतिबा फुले सी एम राईज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुँचे। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को आई.एफ.ए. टैबलेट का वितरण कराया और स्वयं भी गोली का सेवन कर सभी मौजूद विद्यार्थियों को आयरन टैबलेट का सेवन कराया। इस मौके पर कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि रक्ताल्पता से यदि हम अभी से बचाव करेंगें तो भविष्य में विशेषकर किशोरियों को गर्भावस्था के दौरान कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि आई.एफ.ए. गोली सभी शालाओं में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क वितरित की जाती है। इस मौके पर ए.पी.सी. मोहन राय, प्राचार्य आर.पी. कुर्मी एवं स्कूल के शिक्षकगण सहित आर.बी.एस.के. समन्वयक नरेश राठौर मौजूद रहे।

## प्राचार्य सुरेंद्र जैन की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित



**बनवार।** घटेरा ग्राम के विद्यालय में 22 साल तक सेवा देने वाले प्राचार्य सुरेंद्र जैन की सेवानिवृत्ति पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, छात्र और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने प्राचार्य के 22 वर्षों की सेवा की सराहना की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य सुरेंद्र जैन पहले माध्यमिक विद्यालय घटेरा में हेड मास्टर और फिर 2016 से पीएमसी हाई स्कूल में प्राचार्य पद पर रहते हुए 22 वर्षों की सेवा के लिए सम्मानित किया गया इस अवसर - विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, छात्र और अन्य कर्मचारियों ने उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया- समारोह में अतिथियों द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए प्राचार्य को उपहार भेंट किए गए - संकुल प्राचार्य गोपाल महोबिया ने सुरेंद्र कुमार जैन ने घटेरा विद्यालय में प्राचार्य पद पर सेवाएं दीं विद्यालय के विकास और छात्रों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया- उनकी सेवाओं को शिक्षा विभाग और क्षेत्र वासी कभी नहीं भूल पाएंगे प्रवेंद्र वैध बी आर सी जबेरा ने यह समारोह प्राचार्य सुरेंद्र जैन के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है जिससे - विद्यालय के कर्मचारियों को प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा कि वे भी अपने कार्य में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं समारोह घटेरा विद्यालय के लिए गौरव का पल है। कार्यक्रम पीएम हाई स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रवेंद्र वैध बीआरसी जबेरा, बम्होरी संकुल प्राचार्य गोपाल महोबिया, मोहन राय, एपीसी शरद तिवारी, सहायक संचालक विनोद वाजपेई, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार मनोहर शर्मा, बनवार हाई स्कूल प्राचार्य धर्मेंद्र अहिरवार, जन शिक्षक बलराम चौबे, जनप्रतिनिधियों में कल्लन जैन, मंडल अध्यक्ष रिंकू रोहित जैन, आशीष जैन, राघवेंद्र सिंह, सरपंच घटेरा जनपद सदस्य कंछेदी यादव, समाजसेवी गुड्डा जैन, डीएस ठाकुर, अनरथ सिंह की उपस्तिथि रही।

## शासकीय एकीकृत शाला झलोंन में किया पौधारोपण



**तेंदूखेडा।** झलोन मंगलवार को एकीकृत साला झलौन में किए गये पौधारोपण अशोक कदम पाम मोर पंख चंपा जैसै अनिल को प्रजातियां के पौधे लगाए गए। इसी अवसर पर मददगारों द्वारा विद्यालय को सीलिंग फैन दान किया। चक्रेश जैन सरपंच प्रतिनिधि द्वारा दो सीलिंग फैन, हेमराज बैरागी, दिनेश जैन, निसार खान, रोजगार सहायक गुलरु ठाकुर द्वारा एक एक पंखा दान किया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान अध्यापक चंद्रकांत हजारी गोपाल सिंह रावत हल्के लाल जैन फूल सिंह प्रदीप साहू सत्यनारायण सोनी रेखा सेलजा चक्रेश जैन सरपंच प्रतिनिधि मुकेश जैन मीडिया प्रभारी ने मिलकर पौधारोपण किया।

## कार्यकर्ताओं ने अवैध खनन पर की कार्यवाही




**पथरिया।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकताओं द्वारा रात्रि में पथरिया ब्लॉक के ग्राम चिरोला में हो रहे अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई करवाई गई। अवैध खनन में लिप्त माफियाओं पर शिकंजा कसा है। ग्राम चिरोला में अवैध रूप से हो रहे मिट्टी खनन की शिकायत मिलने के बाद संगठन के कार्यकताओं ने मौके पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान खनन में इस्तेमाल की जा रही एक पोकलेन मशीन एवं तीन मोटर साइकिलों को जब्त करवाया गया है। हालांकि संगठन के सदस्यों के पहुंचने से पहले खनन में लिप्त लोग मौके से फरार हो गए, लेकिन मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर पथरिया तहसीलदार ने मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार चल रहा है, जिससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि पर्यावरणीय क्षति भी हो रही है। साथ ही ग्रामीण सड़कों पर डंपर की आवाजाही से सड़कें भी जर्जर हो गई हैं, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है सगठन की इस सख्त कार्यवाही से माफियाओं में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

### आई.टी.सेल देगा गांव गांव में दस्तक- अविरल जैन

**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस आई.टी.सेल के निर्देशानुसार जिले के विधानसभा आई.टी.सेल. प्रभारियो की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए आई.टी.सेल. के प्रदेश उपाध्यक्ष अविरल जैन ने कहा कि आई.टी.सेल का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता गांव गांव में दस्तक देकर कांग्रेस की रीति नीति से अवगत कराये। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी केवल लाडली बहना को फोकस कर उन्हें वोट बैंक बनाने में जुटी है जबकि बिजली के स्मार्ट मीटर लगाकर पूरे प्रदेश में अवैध बसूली की जा रही है। इस अवसर बात आई.टी.सेल. सोशल मीडिया के माध्यम से उजागर करे। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि जिले की प्रत्येक पंचायत वार्ड में भ्रष्टाचार चरम पर है और हमारे कांग्रेस की सोशल मीडिया का यह दायित्व बनता है कि हर बात वरिष्ठो के संज्ञान में लाये। आई.टी.सेल के महासचिव आसिफ मिर्जा जिलाध्यक्ष खिल्लू ठाकुर, पथरिया विधानसभा से अर्पित शुक्ला दमोह से राघवेन्द्र ठाकुर, दुर्गेश नामदेव, राकेश राय, कार्यालय प्रभारी आशीष पटेल, सेवादल के प्रदेश सचिव वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, इनायत अली सहित आई,टी.सेल के सदस्यो की उपस्थिति रही।

# सेवानिवृत्ति पर हुआ पारस का अनूठा सम्मान, दी गई भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



शास म ल बा क उ मा वि के सभागार में पारस कुमार जैन प्राचार्य को सेवानिवृत्ति पर शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उ०मा०वि०दमोह के सभी स्टॉफ सदस्यों एवं शासकीय हा०से० स्कूल हिरदेपुर के स्टॉफ के सदस्यों द्वारा भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकम का प्रांरभ माँ सरस्वती के समक्ष अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विद्यालय की छात्राओं नें सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय जंयत कुमार मलैया विधायक दमोह एवं पूर्व वित्त मंत्री म०प्र०शासन रहे। अध्यक्षता विवेक शेण्डेय जी वरिष्ठ समाज सेवी एवं अध्यक्ष विद्याभारती ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एस०के०नेमा जिला शिक्षा अधिकारी दमोह, नरेन्द्र दुबे वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्कृतिकर्मी, कमल सिंघई वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यकम का आयोजन शाला के प्राचार्य डॉ० आलोक सोनवलकर के निर्देशन में एवं स्टॉफ के सभी सदस्यों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विशिष्ट वक्ता नरेन्द्र दुबे ने पारस कुमार जैन को शुभकामनायें एवं बधाई देते हुये, पारस शब्द की अध्यात्मिक व्याख्या करते हुये, उनकी सेवा काल में कर्म यात्रा एवं उपलबध्यिों की प्रशंसा की। कमल सिंघई ने पारस कुमार जैन को एक कर्मठ शिक्षक पर्यावरण विद् एवं शिक्षक संघ मे उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर एस०के०नेमा जिला शिक्षा अधिकारी दमोह ने श्री जैन को एक उत्कृष्ट बताया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। मुख्य अतिथि के रूप में जयंत कुमार मलैया ने पारस जैन को एक कर्मठ शिक्षक एवं पर्यावरण प्रेमी बताते हुये अपनी शुभकामनायें दी एवं आने वाले समय में समाजसेवा करने का आव्हान किया। अध्यक्ष विवेक शेण्डेय ने पारस जैन जी को अपना सहपाठी बताते हुये, कॉलेज के दिनों को याद किया। श्री शेण्डेय ने अपने उद्बोधन में अध्यात्मिक पथ पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर पारस जैन ने अपनी सेवानिवृत्ति पर विचार व्यक्त करते हुये कहा अपने पूरे सेवाकाल में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से शैक्षणिक कार्य किया। एवं विद्यार्थियों का भवष्यि संवारने का पूरा-पूरा प्रयास किया। पूरे सेवाकाल के दौरान मुझे जिले के बहुत से विद्यालयों में कार्य करने का अवसर मिला। इस अवसर पर श्री जैन का शाल, श्रीफल से सम्मान करते हुये उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के अंत में शाला के प्राचार्य डॉ०आलोक सोनवलकर ने पारस जैन के पूरे सेवा काल में शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य करने वाला शिक्षक बताया। एम०एल०बी०शाला परिसर में सघन वृक्षारोपण कर शाला के वातावरण को सुरम्य बनाने का कार्य श्री पारस जैन ने किया। कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यस्थित संचालन एम०के०खरे एवं श्रुति राजपूत ने किया। इस कार्यक्रम में बडी संख्या में जिले के विभिन्न संगठनो के पदाधिकारी एम०एल०बी०शाला एवं हिरदेपुर का स्टॉफ सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### प्रथम दिवस कोई नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किया

**दमोह।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध हेतु) हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत हटा के क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के रिक्त पद हेतु नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। रिटर्निंग ऑफिसर राकेश सिंह मरकाम ने बताया विकासखंड हटा के जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के रिक्त स्थांन भरने हेतु आज प्रथम दिवस कोई नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किया गया।

### जाति प्रमाण पत्र विशेष अभियान की तैयारी संबंधी बैठक संपन्न

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा चलाये जा रहे जाति प्रमाण विशेष अभियान के तहत जाति प्रमाण पत्रो को बनाये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हटा राकेश सिंह मरकाम की अध्यक्षता में तैयारी बैठक आयोजित की गई, बैठक में विकासखण्ड हटा के बीआरसीसी तथा बीएसी मौजूद रहें। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्ष 2025-26 में प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं के आवेदनो को संबंधित शालाओ से शीघ्र तैयार कराकर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्वए ) हटा में जमा कर आवेदन पत्रो की जांच कराकर लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज कराये। बैठक में आवेदन पत्र जमा करने की प्रक्रिया पर विस्तार से अवगत कराया गया। जिसमें बताया गया कि जिस छात्र-छात्रा के परिवार रिश्तेदार में भाई-बहन, पिता, चाचा, ताऊ या उनके बच्चों का जाति प्रमाण पत्र पहले बन चुका है, उसकी छाया प्रति आवेदन के साथ लगाने से जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने में सुविधा होगी।

### वृद्धा की कुएं में गिरने से मौत

**दमोह।** महावीर वार्ड, पुराना बाजार नंबर-1 निवासी 79 वर्षीय चंदा चौधरी की कुएं में गिरने से मौत हो गई। एसडीआरएफ और पुलिस ने शव को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजा। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

सावन में श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिये ट्रस्ट के पदाधिकारियों और अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

# जागेश्वरधाम बांदकपुर में सावन महीने में गर्भ गृह में प्रवेश निषेध

### कांवड़ियों के लिए रहेगी अलग से व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सावन माह की तैयारी को लेकर श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में के गेस्ट हाऊस में मंदिर ट्रस्ट और पुलिस प्रशासन की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीएम आरएल बागरी, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश मेहता, एडवोकेट पंकज हर्ष श्रीवास्तव, एडवोकेट अनुराग श्रीवास्तव और पदाधिकारियों के साथ प्रबंधक पं. रामकृपाल पाठक और क्षेत्रीय नागरिक तथा पुलिस के अधिकारीगण मौजूद थे।

बैठक उपरांत कलेक्टर श्री कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने मंदिर प्रांगण का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर समुचित दिशा निर्देश दिये गये। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा यह पूरा महीना सावन के त्यौहार से जुड़ा हुआ है, 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है, 11 जुलाई से श्रावण मास का प्रारंभ है और 14 जुलाई को पहला श्रावण सोमवार है और आगे चल कर के 9 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा है। 10 जुलाई से लेकर 10 अगस्त तक पूरा एक महीना पर्वो को समर्पित है।



बांदकपुर तीर्थ धाम पर जागेश्वरनाथ भगवान के दर्शन के लिए काफी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के आने की संभावना रहती है यहाँ की सारी व्यवस्थाएँ दर्शन को लेकर हैं ताकि यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए यह बहुत सुखद अनुभव रहे, श्रद्धालुओं की आस्था के अनुरूप उनको यहाँ दर्शन लाभ हो, इसकी व्यवस्थाएँ सारी देखी गई हैं। पुलिस व्यवस्था, पूरी यातायात व्यवस्था, सीसीटीव्ही कैमरा, सुरक्षा व्यवस्था, बेरिकेटिंग की व्यवस्था और सभी लोगों के लिए पंक्तिबद्ध दर्शन की व्यवस्थाएँ, इन सारी व्यवस्थाओं को लेकर गहराई से विचार विमर्श किया गया।

ट्रस्ट के प्रतिनिधियों और मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं, ताकि 10 तारीख के पूर्व सारे इंतजाम व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकें। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा बॉदकपुर पूरे बुंदेलखंड की आस्था का प्रतीक है और सावन के पूरे महीने में विशेष रूप से जितने भी अनुयायी है, उनका आना जाना लगा रहता है और विशेष रूप से सोमवार के दिन प्रातः काल से कांवड़िया व अन्य श्रध्दालु जल चढ़ाने आते हैं, वीआइपी दर्शन और दिव्यांगजनों के लिए स्टाफ मौजूद रहेगा जो जल चढ़ाने की व्यवस्था है, उसमें महाशिवरात्री के समय से ही सुधार किए गए हैं, उस व्यवस्था को इस बार लागू किया जाएगा।

गर्भगृह के अंदर जल चढ़ाने की व्यवस्था को समाप्त किया गया है, ताकि सभी श्रद्धालु एक रूपता और समानता से जो यंत्र बनाया गया है उसके माध्यम से जल चढ़ाएंगे, जितने भी हमारे गणमान्य आएँगे, वह सभी वहीं से जल चढ़ाएंगे ताकि वहॉ पर वीआइपी मूवमेंट होने पर आम जनता को कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए हमने व्यवस्था बना ली है, सब के एग्ज़िट और एंट्री पॉइंट्स को सेटअप किया गया है, आम जनता को और किसी भी विशेष व्यक्ति को कहीं पर कोई दिक्कत नहीं आने वाली है।

उन्होंने कहा प्रांगण में जितनी व्यवस्थाएँ है उनका एक बार रिव्यु किया है और पिछली व्यवस्था में जो सुधार किया जा सकता हैं और श्रद्धालुओं को क्या व्यवस्थाएँ दी जा सकती हैं ताकि आम जन को यहाँ पर कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े और उनके दर्शन और यहाँ का अनुभव संतोषप्रद रहे, इसके लिए चर्चा की है, ट्रस्ट के सभी अधिकारी यहाँ पर मौजूद रहे है और उनसे भी बहुत सार्थक चर्चा हुई है, अगले 3- 4 दिन में निर्णय लेने और काम करने है वह कंप्लीट कर लिये जायेंगे ताकि 10 जुलाई से व्यवस्था सुनिश्चित हो उसमें कहीं पर कोई कमी ना रहे।

## हत्या करने वाले 9 आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायालय श्रीमान जितेंद्र नारायण एडीजे चतुर्थ, जिला दमोह ने आरोपी हीरासिंह लोधी एवं अन्य 8 निवासी ग्राम जमुनाखेड़ा , थाना तेंदूखेड़ा को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास से दंडित किया गया। अभियोजन ने मामले की जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक गिरीश राठौर ने बताया कि दिनांक 22.05.2020 को शाम करीब साढ़े पांच बजे फरियादी नरेन्द्र तेंदूखेड़ा में था उसे उसके छोटे भाई अमर ने फोन कर बताया कि हीरा लोधी, छप्पन लोधी, हल्ले लोधी उसे मारने झिन्ना वाले खेत तरफ आ रहे है तो वह तुरंत तेंदूखेड़ा से झिन्ना वाले खेत पहुंचा तो वहां हीरा लोधी, हल्ले लोधी, करन लोधी, हेमराज लोधी, छप्पन लोधी अमर को मां-बहिन की गंदी-गंदी गालिया दे रहे थे। हीरा, हल्ले हाथ में कुल्हाड़ी व करन, हेमराज, छप्पन हाथ में लाठी लिये थे। वह बीच-बचाव करने गया तो हीरा लोधी ने एक कुल्हाड़ी की मुदानी अमर को सिर में मारी तथा दोबारा जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी की मुदानी मारी जो अमर को सिर में पीछे तरफ लगी। फरियादी ने बीच-बचाव किया तो हल्ले, हेमराज, करन, छप्पन ने उसके साथ मारपीट की जिससे उसे शरीर में मूंदी चोटें आई। इलाज के दौरान अमरसिंह फौत हो गया जिस पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। विचारण उपरांत अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी हीरा सींग लोधी व अन्य 08 को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास से दंडित किया गया।

### एनीमिया मुक्त भारत बनाने में आप सभी का सहयोग चाहता हूँ - कलेक्टर

**दमोह।** नव आरंभ शैक्षणिक सत्र के अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत आज शासकीय महात्मा ज्योतिबा फुले सी एम राईज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुँचे। उन्होंने कक्षा 06 से 12 तक के विद्यार्थियों को आई.एफ.ए. टैबलेट का वितरण कराया और स्वयं भी गोली का सेवन कर सभी मौजूद विद्यार्थियों को आयरन टैबलेट का सेवन करने प्रेरित किया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत सभी विद्यालयों में बच्चों को आयरन की गोलियां वितरित करने का निर्देश प्राप्त हुए थे, जिसके तहत विद्यायल में बच्चों को आयरन की गोलियों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा वे प्रत्येक मंगलवार को जिले के किसी एक विद्यालय में आयरन की गोलियां वितरण कार्यक्रम में जायेंगे। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी एवं विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. कुर्मी सहित स्वास्थ्य एवं विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थिगण मौजूद रहे।

### कलेक्टर एवं चिकित्सकों ने किया पौधारोपण



**दमोह।** 1 जुलाई डॉक्टर्स डे के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर एवं डॉक्टर्स ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर दमोह में मिलकर पौधारोपण कर संदेश दिया कि स्वस्थ समाज और स्वस्थ पर्यावरण के लिए चिकित्सक और जिला प्रशासन कटिबद्ध है। जिस प्रकार दवायें रोगी के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, वैसे ही पेड-पौधे जिनसे शुद्ध वायु मिलती है,मानव समाज के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। अतएव पर्यावरण को, सहेजने स्वच्छ बनाए रखने में आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुटता के साथ स्वप्रेरित होकर आगे आना चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, डॉ. मुकेश जैन, डॉ. उमेश तंतुवाय, डॉ. राकेश राय, डॉ. मनीष संगतानी, डॉ. चक्रेश, आई.एम.ए. अध्यक्ष डॉ. संजीव सिंघई, डॉ. के.के. ताम्रकार, डॉ. अभय जैन, डॉ. जलज पसारी, डॉ. संजीव गुप्ता सहित आई.एम.ए से जुडे. अन्य चिकित्सको ने औषधि एवं आयुर्वेदिक पौधा नीम, करंजी का पौधारोपण कर अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

### पौधा रोप कर मनाया 64वां जन्मदिवस



**पटेरा।** नगर परिषद पटेरा के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर तंतुवाय ने अपना 64वां जन्म दिवस मुक्तिधाम में पौधा रोपकर मनाया। इस अवसर पर उन्हे नगर के हर वर्ग के लोगो ने मित्रो व शुभ चिंतको ने बधाई दी।

## भव्य घटयात्रा से हुआ सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ



**दमोह।** श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में सिद्धभूमि पर सिद्धो की आराधना के लिये भी सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ भव्य घटयात्रा निकाल कर किया गया। घटयात्रा नीचे से शुद्ध जल ले कर ऊपर बडे बाबा मंदिर पहुंची जहां शुद्धिकरण की क्रियायें ब्र संजीव भैया जी कटंगी एवं ब्र अंकित भैया के निर्देशन में की गई। ध्वजारोहण दमोह विधायक जयंत मलैया द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुण्यार्जक परिवार प्रमुख संतोष सिंघई एंड परिवार व शीलचंद जैन वैशाखिया परिवार के सभी जन महापात्र व इन्द इन्द्राणी शामिल रहे। आयोजन 8 जुलाई तक चलेगा। दमोह विधायक जयंत मलैया ने अपने साथ आये समाज के लोगो के साथ बड़े बाबा के दर्शन किये। घटयात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर राजकुमार जैन बांदकपुर, नरेन्द्र बजाज पत्रकार, पदम जैन खली, रमेश जैन हरई वाले, लालू जैन साथ में रहे। ललित सराफ, महेश दिगंबर, के सी जैन, आनंद जैन, कमल सिंघ्ई, शैलेन्द्र मयूर, सावन सिंघई सहित सभी प्रमुख जन उपस्थित रहे।

## पॉक्सो एक्ट के तहत बनाई शिकायत पेटी से 35 शिकायतें प्राप्त



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज महात्मा ज्योतिबा फुले सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में विद्यार्थियों को आयरन की गोली वितरण कार्यक्रम में पहुँचे थे। यहां कलेक्टर श्री कोचर का ध्यान पॉक्सो एक्ट के तहत बनाई गई शिकायत पेटी पर गया जिसे उन्होंने विद्यालय के शिक्षकगणों के सामने पेटी को खुलवाया और आई हुई शिकायतों के निराकरण के सबंध में प्राचार्य को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिन विद्यालयों में लड़किया पढ़ती हैं वहां पर पॉक्सो एक्ट के तहत एक शिकायत पेटी लगाने का प्रावधान है, जब में निकल रहा था उस समय मेरी निगाह पेटी के ऊपर पड़ी तो मैने देखा कि पेटी बहुत दिनों से खुली नहीं है। उन्होंने कहा सर्वप्रथम पेटी में ताला लगा होना चाहिए, क्योकि पेटी में ताला लगा हुआ नहीं था और पेटी से 35 शिकायतें निकली है, जो शायद कुछ समय से देख नहीं पाए थे क्योकि स्कूल बंद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने स्कूल प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कल शाम तक प्रत्येक शिकायत का डीटेलिंग की जाए, एक-एक शिकायतकर्ता के संबंध में एनालिसिस किया जाए और जिन शिकायतों का निराकरण संभव है, उनको कराया जाए। उन्होंने कहा यह शिकायतें गुमनाम होती है, बच्चे अपना नाम नहीं लिखते और यह जरूरी शिकायते गोपनीय तरीके से दी जाती हैं। स्कूल प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह नियमित रूप से बॉक्स को खोले और इन शिकायतों को निकाले तथा इनका निराकरण त्वरित रूप से कराये।

जनसुनवाई में 272 आवेदनों पर हुई सुनवाई

## जनसुनवाई में आए आवेदन पर कलेक्टर ने सात वर्षीय बालिका का करवाया एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्राम धनगौर गुंजी निवासी सविता रैकवार ने अपनी 07 वर्षीय पुत्री का प्रवेश स्कूल में करावने सबंधी आवेदन प्रस्तुत किया, आवेदिका के आवेदन पर कलेक्टर श्री कोचर ने तत्काल बालिका का एडमिशन स्कूल में कराने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए और बालिका का एडमिशन करवाया। इसी प्रकार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह अध्ययनरत कक्षा 11 वी महक नामदेव ने राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति सबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। बालिका महक के आवेदन पर कलेक्टर श्री कोचर ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला समन्वयक अधिकारी को प्रकरण पर इसी सप्ताह निराकरण करने निर्देश दिए। इसी प्रकार सिविल वार्ड नं 02 इंद्रिरा कॉलोनी दमोह के वेद जैन ने आरटीआई के तहत स्कूल में प्रवेश दिलाने सबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदक के आवेदन पर कलेक्टर श्री कोचर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार पायरा पुरा के आवेदक ने स्वामित्व योजना अंतर्गत आरओआर मे नाम दर्ज करने सबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार ग्राम कैथोरा की आवेदिका ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने सबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह अन्य आवेदकों ने अपनी बातों, समस्याओं तथा इसी प्रकार कुछ सामूहिक आवेदन भी दिये गये। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 272 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 190 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 50 आधार कार्ड और 03 आयुष्मान कार्ड सम्बन्धी कार्य किये गए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### 25 पंचायतों में हुई जन सुनवाई

25 पंचायतों में जनसुनवाई के क्रम में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 22 निराकृत एवं 03 आवेदन लंबित हैं। इसमें सीतानगर, पतलौनी, कुम्हारी सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

## शासकीय महाविद्यालय जबेरा में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**जबेरा।** सत्र 2025 26 प्रारंभ में अवसर पर 1 जुलाई 2025 को शासकीय महाविद्यालय जबेरा में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ कमल चौरसिया ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी तथा शिक्षक पप्पू राय उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य तथा विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रजलित कर नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को प्राचार्य द्वारा तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर डॉ कमल चौरसिया ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए शिक्षा को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला मुख्य साधन बताया प्रसिद्ध अतिथि मुन्नालाल सोनी ने नव प्रवेश बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की द्वितीय चरण में एक वृक्ष मां के नाम जिसमें नीम पीपल जामुन अशोक के पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी उपस्थित थे कार्यक्रम का सफल संचालन बी एल को कोष्टी आभार सुखलाल साकेत ने किया।

## महिला व बच्चों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सड़क सुधार करने सौंपा ज्ञापन

### कार्य नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



विकासखंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मड़यिादो के स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने मंगलवार को बच्चों सहित एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम राकेश मरकाम को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव पर सड़क निर्माण की जारी हुई लाखो रुपए की राशि बिना निर्माण कराए डकारने का आरोप लगाते हुए सड़क निर्माण करने की मांग करते हुए एक सफ्ताह में मांग पूरी न होने पर मड़यिादो ग्राम बंद कर चक्काजाम करने की दी चेतावनी दी। ज्ञापन में उलझ कर बताया गया कि ग्राम पंचायत मड़यिादो के पटेली मुहल्ला की सड़क सुधार हेतु लगभग 02 लाख 58 हजार की राशि ग्राम पंचायत मड़यिादो को प्राप्त हुई थी, जिसका आहरण सरपंच/सचिव द्वारा कर लिया गया परन्तु सड़क सुधार का कोई कार्य नहीं कराया गया। सड़क (सैर) की स्थिति बरसात में इतनी खराब हो जाती है कि आवागमन लगभग अवरुद्ध हो जाता है, बच्चे चार माह विद्यालय नहीं जा पाते, मजदूर-किसान अपने काम पर नहीं जा पाते हैं। मुख्य ग्राम से सम्पर्क टूट जाता है जिससे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम से निवेदन किया कि उक्त प्रकरण की जाँच कराकर गबन की गई राशि वसूल कर संबंधित पर उचित कार्यवाही करने की जाए एवं शीघ्र ही मुहल्ले की सड़क (सैर) का सुधार कार्य कराने निर्देशित किया जाए अन्यथा की स्थिति में हम सभी ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे ज्ञापन के दौरान बढ़िया दो ग्राम के पटेली मोहल्ला के लोगो के साथ बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति रही।

## शराब माफियाओं पर मेहरबान आबकारी पुलिस

**गैसाबाद।** गैसाबाद ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार मोरो सैइया भायों कोतवाल मोहे डर काहे का, की तर्ज पर धड़ल्ले से बेखौफ होकर चल रहा है। शराब के इस गैर कानूनी कारोबार पर अंकुश लगाए जाने हेतु आबकारी पुलिस एवं स्थानीय पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही का बहुत अधिक प्रयास नहीं किए जाने से शराब माफिया के हौसले बुलंदी पर हैं। क्षेत्र में प्रिंट रेट से अधिक दामों पर शराब बेची जाने की शिकायतें भी आती रहती हैं। हटा ब्लॉक के ग्राम गैसाबाद एवं हिनौता कला में शराब दुकान की लाइसेंसी शासकीय दुकाने हैं इन दुकानों का ठेका जिला छतरपुर की गिरिराज इन्फास्ट्रक्चर कंपनी का है। ठेकेदार द्वारा इन्हीं दो दुकानों की आड़ लेकर गांव-गांव में अपने एजेंट बिठाकर अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार एवं क्षेत्र वासियों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को दी जानकारी मुताबिक ,ग्राम खमरगौर, मोहरई, कचनारी, शराबचोपर, भैंसा, तैवरैया, देवरा,गरैह, जैसे अनेक गांवों में शराब ठेकेदार ने अपने एजेंट बैठा रखे हैं जो खुलेआम शराब की बिक्री करते हैं । गांव गांव में आसानी से शराब प्राप्त होने के कारण क्षेत्र में अशांति का माहौल निर्मित रहता है आए दिन लड़ाई झगड़ा होना शराब पीकर उत्पाद मचाना दिनचर्या में शामिल हो चुका है। क्षेत्र वासियों ने पुलिस अधीक्षक महोदय से गैसाबाद ग्रामीण अंचल के गांव गांव में बिक रही अवैध शराब पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है। इस मामले पर जब शराब कंपनी के मैनेजर सचिन राय से प्रतिक्रिया लेनी चाहिए तो उनके द्वारा फोन अटेंड नहीं किया गया। वहीं दूसरी और पुलिस का वही हमेशा की तरह एक ही जवाब रहता है, कि हम समय-समय पर अवैध शराब के कारोबार पर कार्रवाई करके अवैध शराब जप्त करते हैं।